# बिहार पशुचिकित्सा संघ

संघ–भवन, विद्यापति मार्ग, पटना–1

पत्रांक........23......................../ दिनांक.....21.03.20/20

सेवा में,

सचिव,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– नोवेल कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में।

महाशय,

कोरोना वायरस महामारी से आप भली भाँति अवगत है। पशुपालन विभाग में फील्ड स्तर पर इस बिमारी से बचाव के लिए सम्यक दिशा–निर्देश अभी तक जारी न होने से पशु चिकित्सकों में भय व्याप्त है। वर्तमान विषम समय में सभी पशु चिकत्सको को फील्ड में जन सामान्य के बीच में जाकर टीकाकरण एवं टैगिंग करने हेतु प्रतिदिन निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इस संबंध में सादर सूचित करना है कि पुरा विश्व इस महामारी से बचाव के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है। यहाँ तक की माननीय प्रधानमंत्री महोदय जी ने भी कोरोना वायरस के फैलाव से बचने हेतु सभी संभव प्रयास के साथ सोशल डिस्टेन्सिंग (सामाजिक दुरी) का आह्वाहन किया है।

अतः विनम्र अनुरोध है कि इस महामारी से बचाव एवं चिकित्सा कार्य जारी रखने के लिए पशु चिकित्सा कार्य में संलग्न/सहयोग देने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को एन–95 मास्क; थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था के साथ प्रचुर मात्रा में हैण्ड सैनिटाईजर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। जिससे सभी पशु चिकित्सक निर्भय होकर पशु चिकित्सा कार्य में अपना सेवा दे सकें। साथ हीं महामारी समाप्त घोषित होने तक भारत सरकार के माननीय प्रधान मंत्री जी के आह्वाहन के अनुरूप सोशल डिस्टेन्सिंग (सामाजिक दुरी) को सफल बनाने के लिए सभी समूहिक बैठकों/मीटिंगों/मेलों तथा एन0ए0डी0सी0पी0 टीकाकरण एवं टैगिंग तथा एन0ए0आई0पी0 कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने संबंधी सम्यक दिशा–निर्देश जारी करने की कृपा की जाय।

बिहार पशुचिकित्सा संघ आपका अभारी रहेगा।

विश्वासभाजन

Bukta

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव